न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
पीठासीन अधिकारी श्री उत्सव कौशल, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या 04/2019

उनवान

1. श्री मुलचन्द पिता नानू रेगर निवासी हमीरगढ तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा
2. श्री किशनलाल पिता नानू रेगर निवासी हमीरगढ तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा
3. श्री मति तुलसी पत्नी नानू रेगर निवासी हमीरगढ तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा –प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री रूपा पिता जोधा रेगर निवासी रेगर मौहल्ला हमीरगढ तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा
2. श्री शंकर पिता देबी रेगर निवासी रेगर मौहल्ला हमीरगढ तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा
3. श्री काना पिता हीरा रेगर निवासी रेगर मौहल्ला हमीरगढ तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा
4. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ

–अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956
निर्णय दिनांक 01.03.2019

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भूँ–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 28.09.2018 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र व तहसील हमीरगढ में उसके खाते की कृषि भूमि आराजी नम्बर 356 रकबा 1 बीघा 01 बिस्वा, आ0नं0 364 रकबा 1 बीघा 04 बिस्वा, आ0नं0 377/1 रकबा 1 बीघा 02 बिस्वा कुल किता 3 कुल रकबा 3 बीघा 17 बिस्वा भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 16.01.2019 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित विपक्षी संख्या 01 से 04 बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रिकॉर्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इनत थ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन पत्र स्वीकार योग्य है।

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिये जाते है कि ग्राम हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र व तहसील हमीरगढ में उसके खाते की कृषि भूमि आराजी नम्बर 356 रकबा 1 बीघा 01 बिस्वा, आ0नं0 364 रकबा 1 बीघा 04 बिस्वा, आ0नं0 377/1 रकबा 1 बीघा 02 बिस्वा कुल किता 3 कुल रकबा 3 बीघा 17 बिस्वा भूमि की पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार नियमानुसार निर्धारित शुल्क 400/– पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/–रू0 की नियमानुसार अदसयगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 01.03.2019 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल होकर दाखिल दफ्तर रहे।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

Scanned by CamScanner